**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**

**समयानुकूल परिवर्तन पर दृष्टि...सतत विकास की सृष्टि...**

***सुपरक्रिटिकल थर्मल व्यवसाय में वृद्धि निश्चित***

***विनिर्माण क्षमता से प्रतिवर्ष 20,000 मेगावाट के उपस्करों की सुपुर्दगी ट्रैक पर***

बीएचईएल ने एक और सफल वर्ष पूरा किया, जिसमें निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र की यूटिलीटिज एवं अन्य ग्राहकों ने कंपनी की क्षमताओं में विश्वास व्यक्त किया ।

## *वित्तीय उपलब्धियां 2010-11*

| | 2009 – 10 | 2010 – 11 (*अनंतिम*) | | % परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| कुल कारोबार (करोड़ रूपए) | 34,154 | 43,451 | ↑ | 27 |
| कर पूर्व लाभ (करोड़ रूपए) | 6,591 | 9,016 | ↑ | 37 |
| शुद्ध लाभ (करोड़ रूपए) | 4,311 | 6,021 | ↑ | 40 |
| शुद्ध मूल्य (करोड़ रूपए) | 15,917 | 20,119 | ↑ | 26 |
| प्रति शेयर अर्जन (रूपए) | 88.06 | 123.00 | ↑ | 40 |
| प्रति कर्मचारी मूल्य वर्धन (लाख रूपए) | 28.46 | 39.29 | ↑ | 38 |

**<u>वित्तीय निष्पादन</u>**

कंपनी ने निर्माण संविदाओं के लिए वारंटी दायित्व हेतु प्रावधान पर अपनी लेखानीति को परिवर्तित किया है जो इस प्रकार है:

" जब कभी भी कंपनी राजस्व को मान्यता देती है तब वह उत्तरोततर राज्स्वय के 2.5% पर वारंटी लागत देगी और उसे पूरी वारंटी अवधि मे समान बनाए रखेगी ।“

उपर्युक्त लेखानीति परीक्षण प्रचालन पूरा होने तक आस्थगन वारंटी प्रावधान एवं समनुरूप राज्स्व की पूर्व नीति के स्थान पर है । परिणामों में उपर्युक्त का प्रभाव इस प्रकार रहा :

(क) कुल कारोबार में 2,456 करोड़ रूपए की वृद्धि ।

(ख) कर पूर्व लाभ में 414 करोड़ रूपए की वृद्धि ।

- बीएचईएल ने अभी तक का सर्वाधिक **43,451** करोड़ रूपए का कुल कारोबार किया, जो पिछले वर्ष की तुलना मे **27%** अधिक है । वर्ष के दौरान कर पूर्व लाभ (पीबीटी) **37%** बढ़कर **9,016** कारोड़ रूपए हो गया है ।
- शुद्ध लाभ (कर पश्चात लाभ) पिछले वर्ष के तुलना में **40%** वृद्धि के साथ **6,021** करोड़ रूपए रहा । राजकोषीय वर्ष 2010-11 के लिए बढ़ी हुई इक्विटी पूंजी पर 132.5% का अंतरिम लाभांश देकर कंपनी ने 1976-77 से निरंतर लाभांश देने का शानदार कीर्तिमान बनाए रखा है।
- प्रतिशेयर अर्जन (ईपीएस) **123** रूपए रहा, जो वर्ष 2009-10 की तुलना में **40%** अधिक है ।
- प्रति शेयर शुद्ध सम्पत्ति मूल्य (एनएवी) **411** रूपए रहा, जो कंपनी की आंतरिक शक्ति को दर्शाता है ।
- आर्थिक मूल्य वर्धन (ईवीए) वर्ष 2009-10 के 2,670 करोड़ रूपए की तुलना में **41%** वृद्धि के साथ **3,753** करोड़ रूपए रहा, जो एक इंजीनियरी कंपनी के लिए शानदार निष्पादन है ।
- प्रति कर्मचारी मूल्य वर्धन 2009-10 के 28.46 लाख रूपए से बढ़कर **39.29** लाख रूपए हो गया है ।

---

टिप्पणी: 2010-11 के लिए कंपनी के परिणाम अनंतिम है और लेखापरीक्षा के अधीन है ।

जारीकर्ता- **कॉर्पोरेट संचार**, **बीएचईएल**, जीवन तारा भवन, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001